## न्यूज फ्लैश

### श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** इन्द्री रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 13 सितंबर को शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी श्री जागृति जी महाराजङ की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है।
श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं। देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 6 बजे से शाम साढे 6 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 8 बजे होगी तथा सांयकालीन साढ़े पांच बजे बजे होगी।
विशेष कृपा प्राप्ति प्रसंग पर सत्संग, भजन-कीर्तन का भक्तिमय कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। कृष्ण चतुर्दशी के मनोकामनापूरक तथा भक्तों की झोली भरने वाले पावन दिवस पर प्रातः10 बजे से प्रारंभ होने वाले सामूहिक श्री घंटाकर्ण बीज मंत्र के महाजाप में कांच-सफेद प्लास्टिक की बोतल में शुद्ध पानी, गुलाब जल ग्यारह बिना टूटे फूलयुक्त लौंग तथा इतनी ही छोटी इलायचियों सहित सम्मिलित होवें तथा बृहद घंटाकर्ण स्तोत्र श्रवण करने के उपरांत श्री घंटाकर्ण देव के प्रक्षालन वाले जल को श्रद्धापूर्वक ग्रहण कर अपने कार्यस्थल दुकान, फैक्ट्री, गोदाम अथवा निवास स्थान में छिडकें तथा दिव्य चमत्कारी महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के मंगल आशीर्वाद से उनकी कृपा का प्रत्यक्ष अनुभव करें।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# आदर्श परंपरा के संवाहक थे बाबू मूलचंद जैन

## गांधीवादी नेता बाबू मूलचन्द जैन की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दी गई श्रद्धांजलि, बाबू मूलचंद जैन आईटीआई परिसर को अपग्रेड कर इंजीनियरिंग कालेज बनाने की मांग, वक्ताओं ने सांझा किए बाबू मूलचंद जैन के संस्मरण और उनके विचार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बाबू मूलचंद जैन** आईटीआई करनाल के परिसर में महान स्वतंत्रता सैनानी व गाधीवादी नेता बाबू मूल चन्द जैन की 26वीं पुण्य तिथि के अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों व राजनेताओं ने बाबू जी को शब्दांजलि अर्पित की। सभी ने बाबूजी की प्रतिमा पर माला अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी।
इस अवसर पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा के संस्थापक तथा कई बार विधायक, सांसद, प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके और हरियाणा के गांधी के रूप में मशहूर स्वतंत्रता सैनानी बाबू मूलचंद जैन भारतीय राजनीति में नैतिकता और आदर्श परंपरा के संवाहक थे। उन्होंने जीवन में कभी भी परिवारवाद को महत्व नहीं दिया। कांग्रेस की आदर्श परंपरा के परौधा थे। आज राजनीति की दिशा और दिशा बदलने के लिए बाबू मूलचंद जी जैन के रास्ते पर चलने की जरूरत है। वह गोल्ड मैडल कानून के स्नातक के साथ विज्ञान के विद्यार्थी भी रहे। देश में पुस्तकालय परंपरा के जनक थे।
इस अवसर पर आईटीआई संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर इंसट्रक्टर हर्ष कुमार ने कहा के बाबू जी उसूलों के



कायल उच्च कोटि के राजनेता थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि इस संस्थान का नामकरण बाबूजी के नाम पर रखने से यहाँ के छात्रों को जीवन में आगे बढ? की प्रेरणा मिलेगी।
इस अवसर पर मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेम मूर्ति, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव जोगिंदर चौहान, कांग्रेस नेता राजेंद्र कल्याण, कांग्रेस जिला मिडिया कोरडिनेटर ललित अरोड़ा व पत्रकार शैलेंद्र जैन ने बाबूजी से अपने संबंधों की याद ताजा करते हुए कहा कि बाबूजी जीवन में मूल्यों के प्रति समर्पित थे। उनके योगदान को यह समाज कभी भूल नहीं सकता। समारोह का संचालन करते हुए बाबू मूलचन्द जैन के पुत्र एडवोकेट अशोक जैन ने कहा कि बाबू जी ने जीवन में मूल्यों को संरक्षित करने का प्रयास किया और इसके लिए उन्होंने छात्र जीवन में पुस्तकालय की उपयोगिता को देखते हुए अपने गांव के पैतृक मकान में हरियाणा का प्रथम पुस्तकालय खोला। आज उनकी पुण्य तिथि के अवसर पर उनके दिखाये मार्ग पर चलना यही उनके प्रति हमारी व आपकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।
इस अवसर पर जिला बार संघ के अध्यक्ष संदीप चौधरी, बाबूजी के गाँव सिकन्दरपुर माजरा से आये सतनारायण शर्मा, एडवोकेट नरेन्द्र सखून, अध्यक्ष जिला उत्तराधिकारी संगठन करनाल, रणबीर सिंह, जगमिंदर सिंह, आईटीआई की छात्रा रेणू व छात्र विनय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं द्वारा आईटीआई परिसर में सरकार से छात्रों के भविष्य को ध्यान रखते हुए एक इंजीनियरिंग कालेज स्थापित करने की भी माँग की गई। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के अनिल शर्मा, बलबीर चौहान, पूर्व डीडीईपी सपना जैन, जिला स्वतंत्रता सैनानी उत्तराधिकारी संगठन करनाल से केलाशो देवी, कुलबीर सिंह, जोधा सिंह, अशीष अरोड़ा, जगमेंद्र सिंह, मनोहर लाल, राजवंत सिंह, केके देशवाल एडवोकेट, महेंद्र सिंह मान, अनिल मलिक, यशपाल अरोड़ा यशवंत चौधरी, आईटीआई के छात्र व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## 31 ग्राम 50 मिलीग्राम स्मैक सहित दो महिला आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी नारकोटिक** सेल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर महिला आरोपी अनारकली पत्नी वेद प्रकाश वासी जुंडला और मुन्नी उर्फ शीतल पत्नी रणधीर वासी जुंडला को नजदीक केंद्रीय विद्यालय करनाल से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान महिला आरोपियों के कब्जे से 31 ग्राम 50 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
पूछताछ के दौरान महिला आरोपियों ने बताया कि वह अपने घर के गुजारे के लिए बडोली उत्तर प्रदेश से दाऊद नाम के अनजान व्यक्ति से स्मैक खरीद कर लाती हैं और यहां लाकर छोटी-छोटी मात्रा में चलते फिरते नशा करने वालों को बेच देती हैं। आरोपी अनारकली के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट का एक मुकदमा दर्ज है। दोनों को आज पेश न्यायालय करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिसमें आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और जिस व्यक्ति से स्मैक खरीद कर लाई गई थी, उनकी भी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## आज दुनिया भारत पर भरोसा कर रही है : रेनू बाला गुप्ता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा पट्टीकल्याणा स्थित सेवा केंद्र में आयोजित अल्पकालीन विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन सत्र की शुरूआत करनाल मेयर रेणु बाला गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर की। सांसद संजय भाटिया ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने अध्यक्षता की।
प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, सांसद संजय भाटिया, संजय शर्मा, संदीप जोशी, प्रभारी दीपक गुप्ता व पानीपत जिलाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कार्यकताओं का विशेष तौर पर मार्गदर्शन किया। सोमवार



को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अल्पकालीन विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत की थी।
मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार द्वारा जो जनकल्याण की बहुयामी विकास की योजनाएं बनाई गई हैं और उनका क्रियान्वयन किया, उससे होने वाले लाभों की जानकारी सभी विस्तारकों ने बूथ स्तर पर जाकर जन-जन को देनी है।
उन्होंने कहा कि केंद्र में पीएम मोदी और हरियाणा में सीएम मनोहर सरकार ने नौ साल में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास किया है। आर्थिक तौर पर भी देश को मजबूत किया है और अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत करने का काम किया है। हमारा देश पूरी दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था है। बड़ी मुश्किल से दशकों के बाद आज दुनिया भारत पर भरोसा कर रही है। भारत के साथ-साथ भारत के नागरिकों को भी देखने का नजरिया बदला है।

## फव्वारा पार्क योग कक्षा की कार्यकारिणी का किया गया गठन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। योग** गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा संचालित मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा में योगाभ्यास करवाया गया। दिनेश गुलाटी ने बताया कि कक्षा की कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है, जिससे कि योग कक्षा को और भी सुचारू और बेहतर तरीके से व्यवस्थित किया जा सके।



दिनेश गुलाटी ने सभी सदस्यों को सदस्य नियुक्त होने पर पटका पहनाकर सम्मानित किया। योग कक्षा में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि इस कार्यकारिणी समिति में सुरेंद्र भूटानी, रमेश चावला, जितेंद्र पाहुजा, राहुल गेरा, अनुज जैन, नरेंद्र चौधरी ,मनीष चौहान, विकास, रमा चुटानी, बबल नरवाल, रिंकी जैन, मीनू सुखीजा, अंजलि भूटानी, पूजा मुंजाल, रितु जुनेजा को सम्मिलित किया गया है। उम्मीद है कि सभी के साथ से मिशन को और मजबूती मिलेगी।

## अवैध पिस्तौल, 2 मैगजीन और 5 कारतूस सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीआईए** वन की टीम द्वारा अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी विक्रम उर्फ विक्की पुत्र जोगिंदर सिंह वासी महमदपुर को विश्वसनीय सूचना पर महमदपुर रोड चौक से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक देसी अवैध पिस्तौल 12 बोर, दो मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना कुंजपुरा में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान पाया गया कि आरोपी को यह असला कमल वासी पडवाला तरावड़ी द्वारा एक अनजान व्यक्ति से दिलवाया गया था।

## 'निगम ने वर्ष 2023 में अब तक जारी किए करीब 1100 मैरिज सर्टिफिकेट'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
नगर निगम से विवाह प्रमाण पत्र लेने की प्रक्रिया आसान है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि जो व्यक्ति विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है, उसकी प्रक्रिया बहुत ही सरल है। इसके लिए व्यक्ति सरल केन्द्र, अंत्योदय सरल केन्द्र, अपने नजदीकी अटल सेवा केन्द्र (सी.एस.सी.) से या स्वयं ऑनलाईन, हरियाणा विवाह पंजीकरण पोर्टल पर या शादी डॉट जीओवी डॉट इन साईट पर आवेदन कर सकता है। व्यक्ति को सरकार की ओर से निर्धारित फीस ही देनी होगी। बता दें कि नगर निगम द्वारा वर्ष 2022 में 1471 विवाह प्रमाण पत्र तथा वर्ष 2023 में अब तक करीब 1100 विवाह प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। नगर निगम में मैरिज रजिस्ट्रेशन की बात करें, तो रोजाना औसतन 6-7 जौड़े मैरिज रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं।
उन्होंने बताया कि निगम कार्यालय में इस काम के लिए मैरिज सहायककार्यरत है। विवाह के 1 से 90 दिन के अंदर निगम अपने स्तर पर उक्त सर्टिफिकेट जारी कर सकता है। इसके लिए मात्र 100 रुपए की फीस मान्य है। ऑनलाईन आवेदन के सभी डॉक्यूमेंट एक फाईल में लगा सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन के बाद निगम की वेरीफिकेशन होगी और वेरीफिकेशन के बाद



आवेदक को निजी तौर पर हाजिर होने का संदेश जाएगा। हाजिर होने में पति-पत्नी, दोनो के परिजनो में से कोई एक-एक और दो गवाहों को आधार कार्ड के साथ पेश होना पड़ता है। डॉक्यूमेंट की फाईल भी दिखानी होगी, जिसमें लडके व लडकी की संयुक्त फोटो, लडके व लडकी दोनो के माता-पिता की भी संयुक्त फोटो (यदि जीवित हों तो) होनी चाहिए। इस प्रक्रिया के बाद निगम की अप्रूवल होकर मैरिज सर्टिफिकेट जारी हो जाता है। निगमायुक्त ने बताया कि 90 दिन की अवधि बीत जाने के बाद 1 वर्ष तक मैरिज सर्टिफिकेट की फाईल सम्बंधित एस.डी.एम. के कार्यालय में जाती है। वहां से अप्रूवल मिलने के बाद फाईल ऑनलाईन नगर निगम कार्यालय में आएगी और पुनः उपरोक्त तरीके की अपीयरेंस यानि हाजिर होने के बाद निगम कार्यालय से ही मैरिज सर्टिफिकेट मिलेगा। इसकी फीस 150 रुपए निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 1 वर्ष से ऊपर की अवधि हो जाने पर मैरिज सर्टिफिकेट की फाईल उपायुक्त कार्यालय में जाएगी।

## प्रेम-भक्ति जीवन में है तो भगवान अमीरी और गरीबी नहीं देखते : सुमिता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में श्री कृष्ण कहते हैं केवल डरपोक और कमजोर लोग ही चीजों को भाग्य पर छोड़ते हैं, लेकिन जो मजबूत और खुद पर भरोसा करने वाले होते हैं, वह कभी भी नियति या भाग्य पर निर्भर नहीं रहते। गीता के अनुसार सिर्फ दिखावे के लिए अच्छा मत बनो। वह परमात्मा आपको बाहर से नहीं, बल्कि भीतर से भी जानता है।
सुमिता सिंह ब्रह्म नगर हांसी रोड में श्री दुर्गा मंदिर द्वारा श्री कृष्ण जी की छठी के उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर लोगों को संबोधित कर रही थे। इस मौके पर मंदिर में माथा टेका



और भगवान का आशीर्वाद लिया। मंदिर के प्रधान व मेंबर और लोगों ने सुमिता सिंह के पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने सभी को श्री कृष्ण जी की छठी के उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि अगर प्रेम और भक्ति जीवन में है तो भगवान अमीरी और गरीबी नहीं देखते। उसे अपने हृदय से लगा लेते हैं। सुदामा कृष्ण के बचपन के सखा हैं, गरीब हैं, जितेंद्रिय हैं। चार मुी चावल लेकर द्वारकाधीश से मिलने गए। भगवान ने एक मुी चावल खाए और सुदामा को कुबेर का खजाना दे दिया। इतने दयालु हैं भगवान। सुमिता सिंह ने कहा कि जीवन में कभी किसी दूसरे का हक नहीं रखना चाहिए, नहीं तो जीवन में निर्धनता आती है। उन्होंने कहा कि भजन भक्ति से ही कल्याण होगा जीव को सद्गति भगवान नाम से ही होगी। कलयुग में भवसागर से पर होने का भगवान नाम जप सुगम मार्ग है इस अवसर पर दीपक अत्री, आजाद, मोहन श्याम शास्त्री, सावित्री, शिवशंकर, भारती, कमलेश, सन्तोष तेजान, नीलम मल्होत्रा, नहरिका, कैलशो, सुनिता, मीरा, शिवम, निशांत, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## गांव डबरी में बुजुर्ग ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** गांव डबरी में एक बुजुर्ग ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक की पहचान 67 वर्षीय रतन सिंह के रूप में हुई है। मृतक के दो बेटे विदेश में रहते हैं, जबकि तीसरा नादेड़ गया हुआ था। बुजुर्ग अपनी पत्नी के साथ डबरी के पास डेरा बिशनपुरी में रह रहा था।
मृतक की पत्नी ने बताया कि सोमवार दोपहर को हम दोनों ने एक साथ बैठकर चाय पी थी। इसके बाद रतन सिंह घर के अंदर चले गए। वह अपना घर का काम करने लगी। कुछ ही देर बाद कमरे से गोली चलने की आवाज आई। जब वह अंदर गई तो रतन सिंह मृत पड़े हुए थे। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पुलिस पहुंची ने साक्ष्य जुटाए। उन्होंने लाइसेंसी बंदूक को भी अपने कब्जे में ले लिया। जांच अधिकारी यशपाल ने बताया कि बुजुर्ग द्वारा आत्महत्या करने के पीछे का कारण मानसिक परेशानी बताई जा रही है। करीब 10 साल से बुजुर्ग दिमागी रूप से परेशान चल रहा था, जिसकी दवाइयां भी चली हुई थी, लेकिन आज बुजुर्ग ने खुद को गोली मार ली। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## बाबा बंसी वाले जी की याद में लगाया विशाल भंडारा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जेसीआई करनाल** सिटी द्वारा आज अपने जेसी वीक कार्यक्रम के तहत परम पूजनीय ब्रह्मलीन गुरु बाबा बंसी वाले जी के याद में एक विशाल भण्डारे का आयोजन पुरानी तहसील मार्किट में किया गया, जिसमें लगभग 6 हजार लोगों के लिए खाने का प्रबंध किया गया।
आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सतीश गोयल (जगदम्बा अग्रिको एक्सपोर्ट) घरौंडा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जेसी भूषण गोयल रहे। भंडारे की व्यवस्था के लिए परियोजना निदेशक पंकज गोयल, मनोज गोयल रहे। सतीश गोयल द्वारा बाबा बंसी वाले के



चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर भण्डारे का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।
जेसीआई करनाल सिटी के प्रधान जेसी सुशील बिंदल एवं जेसी वीक के कोऑर्डिनेटर नरेश गुप्ता ने बताया कि जेसीआई करनाल सिटी के सभी सदस्यों द्वारा भंडारे में सेवा की गयी। आज के भंडारे में पूरी आलू की सब्जी, कढ़ी चावल एवं देसी घी के हलवे का प्रसाद जन समाज के लिए किया गया।
बाबा बंसी वाले का विशाल भंडारे में सब भक्तों ने खूब आनंद से प्रसाद को ग्रहण

